*** शब्दों के अर्थ लिखिए** **[4]**

1. चक्रधर

**जवाब :** चक्र को धारण करने वाला अर्थात विष्णु

2. हलधर

**जवाब :** हल को धारण करने वाला अर्थात बलराम

3. गिरिधर

**जवाब :** पर्वत को धारण करने वाला अर्थात कृष्ण

4. मुरलीधर

**जवाब :** मुरली को धारण करने वाला अर्थात कृष्ण

*** MCQ** **[10]**

5. कविता में 'नव-जीवन की ले अँगड़ाई' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) बादल (B) अंकुर (C) बूँद (D) पावस

**जवाब :** अंकुर

6. 'नीले नयनों-सा यह अंबर, काली पुतली से ये जलधर' में 'काली पुतली' है-

(A) बारिश की बूँदें (B) वृद्ध धरती

(C) नगाड़ा (D) बादल

**जवाब :** बारिश की बूँदें

7. पहली बूँद के धरा पर आने का क्या प्रभाव पड़ा?

(A) अंकुर फूट पड़े (B) अंकुर नहीं निकले

(C) धरती सूख गई (D) धरती प्यासी हो गई

**जवाब :** (क) अंकुर फूट पड़े

8. 'वसुंधरा की रोमावलि' किसे कहा गया है ?

(A) बादल को (B) हरी दूब को

(C) धरती को (D) बिजली को

**जवाब :** (ख) हरी दूब को

9. पहली बूँद के धरा पर आने से बूढ़ी धरती के मन में क्या इच्छा उठी?

(A) शस्य – श्यामला बनने की (B) अंकुर फूटने की (C) बारिश न होने की (D) बादल बनने की

**जवाब :** (क) शस्य – श्यामला बनने की

10. गोपालकृष्ण कौल का जन्म कब हुआ ?

(A) 1922 (B) 1924 (C) 1923 (D) 1925

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** B

व्याख्या: गोपालकृष्ण कौल का जन्म 1923 में हुआ।

11. कवि ने किस प्रकार की रचनाएँ बच्चों के लिए लिखी हैं?

(A) देश- प्रेम (B) प्रकृति (C) जीव जन्तुओं (D) सभी

**जवाब :** D

व्याख्या : कवि ने देश-प्रेम, प्रकृति तथा जीव-जन्तुओं से सम्बन्धित रचनाएँ बच्चों के लिए लिखीं हैं।

12. पावस का अर्थ है-

(A) पवित्र (B) पानी (C) पास (D) परी

**जवाब:** (A) पवित्र

13. कौन धरती से अंकुरित होकर निकले ?

(A) बीज (B) वृक्ष (C) समुद्री जीव (D) पक्षी

**जवाब:** (A) बीज

14. अधरों पर क्या टपका दिया?

(A) पानी (B) जहर (C) अमृत (D) रस

**जवाब :** (C) अमृत

*** सही जोड़ मिलाए :** [5]

15.

| कविता की पंक्तियाँ | भावार्थ |
|---|---|
| 1. आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर | A मेघ गर्जना |
| 2. बजा नगाड़े जगा रहे हैं, बादल धरती की तरुणाई | B. बादल |
| 3. नीले नयनों सयह अम्बर, काली पुतली-से ये जलधर । | C. हरी दूब |
| 4. वसुंधरा की रोमावलि -सी, हरी दूब पुलकी-मुसकाई। | D. आकाश |

**जवाब :** (1 → B ) (2 → A) ( 3→ D ) (4 →C)

*** काव्य पंक्ति समजाये :** [6]

16. "आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर,
जा नगाड़े जगा रहे हैं, बादल धरती की तरुणाई । "

**जवाब :** आसमान में जल रूपी बादलों में बिजली चमक रही है। जैसे सागर बिजलियों के सुनहरे पंख लगाकर आसमान में उड़ रहा है। बादलों की गर्जन सुनकर ऐसा आभास होता है कि वे नगाड़े बजा-बजाकर धरती की यौवनता को जगा रहे हैं।

17. "नीले नयनों-सा यह अंबर, काली पुतली-से ये जलधर।
करुणा-विगलित अश्रु बहाकर, धरती की चिर-प्यास बुझाई।"

**जवाब :** नीला आसमान नीली आँखों के समान है और काले बादल उन नीली-नीली आँखों की काली पुतली के समान है। मानो बादल धरती के दु:खों से दुखित होकर वर्षा रूपी आँसू बहा रहा हो। इस प्रकार धरती की प्यास बुझ जाती है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

* **प्रश्नों के उत्तर सक्षिप्त रूप में लिखो (3 Mark)** **[3]**

18. पावस ऋतु में निम्नलिखित में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?
    1. धरती
    2. वायु
    3. दूब
    4. पेड़-पौधे
    5. पक्षी

**जवाब :** पावस यानी वर्षा ऋतु में धरती हरी-भरी और खिल जाती है। हरियाली के होने से वायु भी खुशी से झूमने लगती है। वायु के छूते ही कलियाँ खिलने लगती हैं और चारों तरफ सुगंध फैल जाती है। वर्षा के होते ही जो धरती सूखी थी, प्यासी थी, वह तृप्त हो रही है और धरती से दूब घास प्रसन्नतापूर्वक बाहर आ जाती है, चारों तरफ कालिन-सी बिछ जाती है, प्रकृति भी खिल जाती है। पेड़-पौधे जो पत्ते – विहीन थे उनमें पत्ते आ जाते हैं। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली होती है। पक्षी भी हरियाली देख चहक रहे हैं, उसे भी राहत और शांति मिल गई है। इन सबको पाकर प्रकृति ने श्रृंगार कर लिया है। अब प्रकृति सुंदर लग रही है।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark )** **[6]**

19. वर्षा की पहली बूँद से धरती की प्रसन्नता किस प्रकार प्रकट होती है ?

**जवाब :** धरती के सूखे होंठों पर बारिश की बूँद अमृत के समान गिरती है, मानो वर्षा होने से बेजान और सूखी पड़ी धरती को नवीन जीवन ही मिल गया हो। इस प्रकार वर्षा की पहली बूँद से धरती की प्रसन्नता प्रकट होती है।

20. धरती को 'बूढ़ी' कहने का क्या तात्पर्य है?

**जवाब :** वास्तव में, जिस प्रकार बुढ़ापे में आदमी सुस्त पड़ जाता है और उसमें उत्साह भी नहीं रहता। ठीक उसी प्रकार धरती भी खूब गर्मी की वजह से सूखी पड़ जाती है। इसलिए धरती को 'बूढ़ी' कहके संबोधित किया गया है।

21. धरती सरदी, गरमी एवं बरसात सभी ऋतुएँ प्रसन्नता से सहती है- इससे हमें क्या सीख मिलती है?

**जवाब :** धरती सरदी, गरमी एवं बरसात सभी ऋतुओं को समान रूप से सहती है इससे हमें यह सीख मिलती है कि हमें भी सुख-दुख को समान भाव से सहना चाहिए। सुख में अधिक प्रसन्न नहीं होना चाहिए और दुख में विचलित नहीं होना चाहिए। जीवन के सुख-दुख को समान भाव से सहने वाला मनुष्य ही अपने जीवन को संतुलित रूप में जी सकता है।

* **प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** **[6]**

22. बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है?

**जवाब :** धरती के सूखे होंठों पर बारिश की बूँद अमृत के समान गिरती है, मानो वर्षा होने से बेजान और सूखी पड़ी धरती को नवीन जीवन ही मिल गया हो। इस प्रकार बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष प्रकट होता है।

23. कविता में आकाश और बादलों को किनके समान बताया गया है?

**जवाब :** प्रस्तुत कविता के अनुसार, नीले आकाश को नीली आँखों के समान और काले बादल को उन नीली-नीली आँखों की काली पुतली के समान बताया गया है।

24. वर्षा ऋतु में बादल कैसे दिखाई पड़ते हैं?

**जवाब :** वर्षा ऋतु में जल रूपी बादल ऐसे प्रतीत होते हैं, जैसे सागर बिजलियों के सुनहरे पंख लगाकर आसमान में उड़ रहा हो।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

25. कौन पुनः शस्य – श्यामला होने की ललचाई है?

**जवाब :** गर्मी के कारण सूखी धरती पुनः शस्य – श्यामला अर्थात हरी-भरी होने को ललचाई है।

26. धरती के सूखे होंठों पर बारिश की बूँद किसके समान गिरी?

**जवाब :** धरती के सूखे होंठों पर बारिश की बूँद अमृत के समान गिरी।

27. वर्षा का प्रेम पाकर धरती के मन में क्या इच्छा जाग उठी है?

**जवाब :** वर्षा का प्रेम पाकर धरती के मन में फिर से हरा-भरा होने की इच्छा जाग उठी है।

*** पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए :** **[10]**

28. वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव-जीवन की ले अँगड़ाई ||
धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत-सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि -सी,
हरी दूब लकी – मुसकाई ।
पहली बूँद धरा पर आई ।।

प्रश्न 1.'पावस' का क्या अर्थ है?
(क) वर्षा ऋतु
(ख) ग्रीष्म ऋतु
(ग) वसंत ऋतु
(घ) शरद् ऋतु

प्रश्न 2.उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?
(क) बादल राग
(ख) पहली बूँद
(ग) वह चिड़िया जो
(घ) मैं भी छोटी होऊँ।

प्रश्न 3.ग्रीष्म ऋतु के बाद कौन-सी ऋतु आती है?
(क) शरद् ऋतु
(ख) वसंत ऋतु
(ग) वर्षा ऋतु
(घ) हेमंत ऋतु

प्रश्न 4.
वर्षा ऋतु के आगमन से चारों तरफ़ क्या फैली है?
(क) आनंद रूपी हरियाली
(ख) कीचड़

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ग) जल
(घ) धूल

प्रश्न 5.
धरती के सूखे होंठों पर बारिश की बूँदें किसके समान आकर गिरीं?
(क) पानी के समान
(ख) अग्नि के समान
(ग) बर्फ़ के समान
(घ) अमृत के समान

**जवाब :** 1.(क) वर्षा ऋतु
2.(ख) पहली बूँद
3.(ग) वर्षा ऋतु
4.(क) आनंद रूपी हरियाली
5.(घ) अमृत के समान

29. आसमान में उड़ता सागर,
लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर।
बजा नगाड़े जगा रहे हैं,
बादल धरती की तरुणाई ।
पहली बूँद धरा पर आई ।।

प्रश्न 1.उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता कौन हैं?
(क) गोपालकृष्ण कौल
(ख) केदारनाथ अग्रवाल
(ग) महादेवी वर्मा
(घ) दिनकर

प्रश्न 2.सागर किसके सुनहरे पंख लगाकर आसमान में उड़ रहा है?
(क) मोर के
(ख) बिजलियों के
(ग) बादलों के
(घ) धरती के

प्रश्न 3.बादल नगाड़े बजाकर किसकी यौवनता को जगा रहे हैं?
(क) सागर की
(ख) बिजली की
(ग) धरती की
(घ) सूर्य कीप्रश्न 4.जल रूपी बादलों में क्या चमक रही है?
(क) तारे
(ख) सूर्य
(ग) जुगनू
(घ) बिजली

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 5.काव्यांश को ‘सुनहरे’ का पर्यायवाची शब्द क्या प्रयुक्त हुआ है ?
(क) स्वर्णिम
(ख) आसमान
(ग) धरती
(घ) बिजली

**जवाब :** 1.(क) गोपालकृष्ण कौल
2.(ख) बिजलियों के
3.(ग) धरती की
4.(घ) बिजली
5.(क) स्वर्णिम

----- -----

Student Bro

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in